'आजादी की स्वर्णिम यात्रा' के समापन पर सम्मानित हुए बच्चे

कानपुर (एसएनबी)। सर पद्मपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर का वार्षिकोत्सव 'आजादी की स्वर्णिम यात्रा' का समापन रविवार को हुआ। कार्यक्रम की खासियत यह रही कि लीक से हटकर विद्यार्थियों ने ही विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की व विद्यालय की उपलब्धियों का जिक्र किया। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त कानपुर डॉ.राजशेखर ने बच्चों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। बच्चों ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये।

बच्चों ने स्कूल के वार्षिकोत्सव पर प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

मुख्य अतिथि ने समारोह के तहत शैक्षिक गतिविधियों में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय 13 विद्यार्थियों को श्री गोविंद हरि सिंहानिया स्कॉलरशिप अवार्ड से पुरस्कृत किया। इन सभी विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से ₹ 3.25 लाख की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। विद्यालय के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर योगदान करने वाले 4 विद्यार्थियों के अलावा कक्षा-10 के छात्र आर्यन कुशवाहा को श्रीमती मनोरमा गोविंद हरि सिंहानिया फैलोशिप अवार्ड फॉर बडिंग ऑथर से भी सम्मानित किया गया। क्लैट परीक्षा में चयनित आयुष बाजपेई, इप्शिता दीक्षित व युवराज प्रताप सिंह को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय में 25 व 10 वर्ष पूर्ण करने वाले शिक्षक भी सम्मानित किये गये। बेस्ट टीचर अवार्ड डॉ.आकांक्षा गौड को दिया गया।

इससे पूर्व विद्यालय के कैप्टन सिद्धार्थ सिंह ने अतिथियों-अभिभावकों का स्वागत किया। वाईस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। विद्यालय की चेयर पर्सन मनोरमा गोविंद हरि सिंहानिया, वाईस चेयरपर्सन वर्षा सिंहानिया, वाईस चेयरमैन व डायरेक्टर पार्थो पी.कर, प्रधानाचार्य भावना गुप्ता, उप प्रधानाचार्य कविता चडढ़ा ने इस अवसर पर प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहित किया।